अतिरिक्त भूमि का वितरण

8231. चौधरी हरमोहन सिंह :
श्री आस मोहम्मद :

क्या प्रधान मंत्री 27 अप्रैल, 1995 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 3998 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 जनवरी, 1995 तक अतिरिक्त भूमि के वितरण में राज्यवार कितने प्रतिशत प्रगति की गई है ;

(ख) क्या किसी राज्य ने इन निर्देशों का उल्लंघन किया है; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) 31 जनवरी, 1995 तक फालतू भूमि के वितरण में हुई प्रगति के राज्यवार प्रतिशत विवरण के रूप में संलग्न हैं (नीचे देखिए) ।

(ख) और (ग) ऐसे किसी उल्लंघन की सूचना नहीं मिली है ।

विवरण

(क्षेत्र लाख एकड़ में)

	अधिग्रहित क्षेत्र	वितरित क्षेत्र	प्रगति: कालम–1 के प्रतिशत के रूप में वितरित भूमि
1 2	3	4	5
1. आंध्र प्रदेश	6.27	5.55	88.52
2. असम	5.76	4.92	85.42
3. बिहार	4.15	2.95	71.00
4. गुजरात	1.59	1.32	83.02
5. हरियाणा	0.83	0.82	98.79
6. हिमाचल प्रदेश	2.81	0.83	1.07
7. जम्मू और कश्मीर	4.50	4.50	100.00
8. केरल	0.95	8.64	67.37
9. कर्नाटक	1.60	1.17	73.12
10 मध्य प्रदेश	2.60	1.85	71.15
11. महाराष्ट्र	6.55	5.51	8412

1	2	3	4	5
12.	मणिपुर	0.02	0.02	100.00
13.	उड़ीसा	1.64	1.53	93.29
14.	पंजाब	1.05	1.03	98.09
15	राजस्थान	5.55	4.42	79.64
16.	तमिलनाडु	1.71	1.54	90.06
17	त्रिपुरा	0.02	0.02	100.00
18.	उत्तर प्रदेश	5.13	3.71	72.32
19	पश्चिम बंगाल	12.02	9.48	76.87
20.	दादरा व नागर हवेली	0.09	0.07	77.77
21	दिल्ली	नगण्य	नगण्य	नगण्य
22.	पांडीचेरी	0.01	0.01	100.00
	कुल :	64.85	51.09	78.78

इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश और गुजरात को आवंटित की गई धनराशि

8282. श्री संघ प्रिय गौतम: क्या प्रधान मंत्री 16 मार्च, 1995 और 18 मई, 1995 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 766 और 6505 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश और गुजरात को जिलावार कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गई और इस संबंध में क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए थे; और

(ख) क्या इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत भूतपूर्व सैनिकों को कुछ मकान दिए गए हैं ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई पटेल) : (क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश और गुजरात राज्यों के लिए निर्धारित जिलेवार आवंटन क्रमश: विवरण–1 और विवरण–2 में दिए गए हैं (नीचे देखिए) जिले वार लक्ष्य राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। तथापि, मंत्रालय सम्पूर्ण राज्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करता है। 1995–96 के लिए उत्तर प्रदेश और गुजरात राज्य हेतु निर्धारित लक्ष्य क्रमश: 189211 और 28501 मकान हैं।

(ख) जी, नहीं।